BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 08 जून, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# प्रकृति का पोषण करें ताकि हमारा भविष्य बेहतर हो सके




**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, हमारे केंद्र, महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और संधारणीय प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संजीवैया पार्क, पीवी नरसिंह राव मार्ग, नेकलेस रोड, हैदराबाद में एक कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष वीर विनोद संचेती द्वारा प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के बारे में एक स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद कुछ पैदल यात्रियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने विचार साझा किए।उन्होंने एक संधारणीय भविष्य के लिए पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।इसके अलावा महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद के अध्यक्ष, वीर विनोद संचेती ने धरती माता को बचाने के उपायों के बारे में जानकारी दी।अध्यक्ष वीर विनोद संचेती, सचिव वीर अनूप बडेरा, कोषाध्यक्ष वीर धर्मेंद्र जैन और क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाई, क्षेत्र में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और 7500/- मूल्य के लगभग 300 कपास के बैग वितरित किए गए। जागरूकता पदयात्रा के दौरान, वीर साधना सिसोदिया, गीता बंबोली मीना खिवासरा और सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों, पार्क में घूमने वालों, एनसीसी कैडेटों और राहगीरों को शपथ दिलाई और उनसे पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। हमारे क्लब के सदस्यों और राहगीरों ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रतिज्ञा ली और प्रतिबद्ध हुए।एमआई-एचवाईडी परिवार के लगभग 15 सदस्य, जिनमें उपाध्यक्ष वीर अजय नाहटा, सचिव अनूप बडेरा, कोषाध्यक्ष वीर धर्मेंद्र जैन, निदेशक वीर प्रीतेश बोहरा, वीर राजेश खिव-ासरा, वीरा साधना सिसोदिया, सदस्य वीरा मीना खिवासरा, वीरा गीता बंबोली, वीर गौतम आंचलिया, वीर राजेश खिवासरा, वीर कुशल बरलोटा और अन्य शामिल थे, इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसका समापन नाश्ते के बाद आईपीएस वीर प्रीतेश बोहरा द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।






हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट के चेयरमेन तथा अग्रवाल सेवा दल के परामर्शदाता शरद ब पित्ती के निवास मोती भवन में आगमन पर शरद ब पित्ती द्वारा स्वागत किया गया ख इस अवसर पर अग्रवाल सेवा दल के संयोजक अजित गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, दीपक गुप्ता, राधिका पित्ती एवं आरती अग्रवाल उपस्थित थे।



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और चारमीनार निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस के पूर्व प्रभारी के. वेंकटेश ने शुक्रवार को गांधी भवन में कांग्रेस पार्टी के राज्य मामलों के प्रभारी दीपादास मुंशी और सिकंदराबाद छावनी के विधायक के रूप में जीते। एन. श्री गणेश से विनम्रतापूर्वक मुलाकात की इस अवसर पर उन्हें बधाई दीं।



पहाडी श्याम मंदिर, महेन्द्रा हिल्स के आजीवन सदस्य बनने पर प्रदीप तुलस्यान परिवार का सम्मान करते हुए परामर्शदाता अरुण डाकोतिया, विजय अग्रवाल, संदीप गोयनका, सुरेश अग्रवाल ।

## शमशाबाद में महिला लापता

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

शमशाबाद में शुक्रवार को 20 वर्षीय एक महिला अपने घर से लापता हो गई।वह एक निजी कर्मचारी है, उसने 4 जून को अपने माता-पिता के लिए एक नोट छोड़ा था, जिसमें उसने कहा था कि वह परेशान है।

और अपनी जान लेना चाहती है। तब से वह वापस नहीं लौटी। उसे न पाकर उसकेपरिवार के सदस्यों ने आरजीआईए पुलिस से संपर्क किया। गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## अग्रवाल बिज़ कनेक्ट की प्लैटिनम बैंक्वेट में बिजनेस मीटिंग सम्पन्न



**हैदराबाद,07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल बिज़ कनेक्ट की बंजारा हिल्स स्थित प्लैटिनम बैंक्वेट में बिजनेस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष दीक्षा चैनवाला और सचिव अविनाश बंसल ने की। संयुक्त सचिव एएसटी कंचन अग्रवाल द्वारा अपने घर में आदर्श निवेश करने के बजाय विभिन्न क्षेत्रों में उचित दीर्घकालिक निवेश करने के बारे में जानकारी दी गई।

विकास गुप्ता द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक प्रस्तुतीकरण दिए गए। डिजिटल प्रिंटिंग और रितेश अग्रवाल द्वारा यद्रिगुट्टा के रास्ते में रियल एस्टेट निवेश के बारे में उनकी टैग लाइन मजमीन बेजता हूं पर जमीर नहींफ्र अगली एबीसी बैठक आगामी शनिवार 15 जून को है, कृपया इसमें भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण करवा लें। बैठक में एबीसी संस्थापक और सदस्यों ने भाग लिया। साथ ही उदय गुप्ता, अविनाश बंसल, दीक्षा चैनवाला, यश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, आनंद सरोगी, अनिल अग्रवाल, अजय गुप्ता, हितेश अग्रवाल, भीम फिटकारीवाला, शिखा अग्रवाल, मयंक हरोदिया, विकास गुप्ता, भूषण गुप्ता, संजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल, संजय बंसल, पवन बंसल, मोहक अग्रवाल आदि मान्यवरों ने सहभाग लिया।




वल्लभ युथ ओर्गनाईजेशन द्वारा ग्रीशमकाल मे हनुमान टेकडी राहगीरों मे पिछले 2 महिनों से निःशुल्क छांछ का वितरण अंजना महेता एवं टीम द्वारा किया जा रहा है। अवसर पर उपस्थित लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, साथ मे रिद्धीश जागीरदार, अशोक रामपुरीया, तरूण महेता व अन्य सहभागी हुए।

## तेलंगाना में पिछले तीन महीनों में 80 एफआईआर और 1000 से अधिक गोवंश को तस्करी और अवैध वध से बचाया गया

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

हर साल लाखों मवेशियों को तस्करी द्वारा ट्रकों में लादकर तेलंगाना और इसकी राजधानी हैदराबाद में लाया जाता है और अधिकांश को त्योहारों के नाम पर अवैध रूप से सड़कों पर बेरहमी से खुलेआम मार दिया जाता है।जब पुलिस अधिकारी या तो अपनी मर्जी से या सतर्क पशु कल्याण स्वयंसेवकों की सूचना पर कार्रवाई करते हैं, तब आलू की बोरियों की तरह ट्रकों में भरे हुए इन मूक पशुओं की सैकड़ों आँखें बचाव के लिए घूरने लगती हैं।हैदराबाद की हलचल भरी सड़कों पर टेम्पो में ले जाए जा रहे शवों से टपकते खून के खौफनाक दृश्य आम देखे जा सकते हैं।

अनुमान है, कि त्योहार के समय हर साल हैदराबाद में हज़ारों मवेशियों का वध किया जाता है, लेकिन एक ऐसे शहर में जहां सीमित क्षमता वाले केवल 4 कानूनी बूचड़खाने हैं, और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण (बूचड़खाने ) नियम, 2002, जो पशुओं के कानून वध को नियंत्रित करते हैं, वहां खुलेआम सड़कों पर होने वाली जीव हत्या एक रहस्य है। इसके बावजूद तेलंगाना ने पिछले 3 महीनों में 80+ एफआईआर दर्ज की हैं और पंजीकृत मामलों में 1000+ गोवंश को बचाया है।

हाल ही 6 जून 2024 को याचरम थाने से ध्यान फाउंडेशन गौशाला को भेजे गए बचाव में,



गर्भवती गायों और 1-2 महीने की उम्र के बछड़ों को बेरहमी से एक छोटे वाहन में भरा हुआ था जिसमें एक बछड़े की वाहन के अंदर ही दम घुटने से मौत हो गई थी।

गौ ज्ञान फाउंडेशन के स्वयंसेवक हरीश कहते हैं, तस्करी को समाप्त करने के लिए पशु माफिया पर कड़ी निगरानी और कानून लागू करने की आवश्यकता है।

मवेशी तस्करी, पशु क्रूरता और अवैध वध स्वयं राज्य-विशिष्ट और केंद्रीय कानूनों के अंतर्गत आते हैं।

अवैध वध के लिए क्रूरता और तस्करी का मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद, वह कानूनी जांच करने और मौजूदा राज्य-विशिष्ट और केंद्रीय कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए आगे कार्यवाही करते हैं।

जैसे ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होती है, अपराध में शामिल संपत्ति, जैसे कि वाहन, जानवर, को जब्ती रिपोर्ट के बाद पुलिस द्वारा कानूनी रूप से जब्त कर लिया जाता है।इस पर आपत्तिजनक वाहन और पीड़ित पशु ङ्ग केस प्रॉपर्टी ङ्ग बन जाते हैं जिन्हें न्यायिक आवेदन पर मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार निपटाया जाना चाहिए।

किन्तु तेलंगाना में, जब्त पशुओं को अस्थायी अथवा अपंजीकृत मवेशी पाउंड में भेजकर इस प्रक्रिया को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जहां पदांकित मसरकारी पशु चिकित्सा अधिकारीफ इन पशुओं के लिए म वध के लिए फिट म प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं।अतः किसी पशु को मारने से पहले उसके स्वास्थ्य, सुरक्षा और उसके आर्थिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधान को आस-ानी से केंद्रीय कानूनों को दरकिनार करने के लिए एक टूल के रूप में उपयोग कर इसे आसानी से तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है।(केस प्रॉपर्टी जानवरों की देखभाल और रखरखाव नियम, 2017) जो विशेष रूप से बताता है, कि क्रूरता के मामलों में मकेस प्रॉपर्टीफ जानवरों का पुनर्वास और निपटान कैसे किया जाता है।

यह प्रमाणपत्र जारी हो जाने के बाद, असहाय पशु जो पहले से ही तस्करी और अवैध परिवहन के दौरान अकल्पनीय क्रूरता के शिकार थे, उन्हें उन्हीं व्यक्तियों को दे दिया जाता है जिन पर क्रूरता का आरोप लगा होता है।

बेतुकापन तो यह है कि भले ही आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता और तस्करी का एक आपराधिक मामला चल रहा है, जिसका फैसला अदालत द्वारा किया जाना है, किन्तु संबंधित पीड़ित पशुओं को पहले ही आरोपियों को वापस सौंप दिया जाता है जिन्हें अभी तक कोर्ट द्वारा मदोषी या निर्दोषफ ही घोषित नहीं किया गया है।

हैरानी तो इस बात की है, कि मपशु चिकित्सा अधिकारियोंफ द्वारा न्यायालय की सूचना के बिना ही मकेस प्रॉपर्टी पशुओं म को निपटाने के लिए मनमाने ढंग से अपने पद और शक्तियों का दुरूपयोग किया जा रहा है। यहां तक कि अदालतें मूल आपराधिक मामले का फैसला करने में अपना अनगिनत समय (वर्ष) खर्च करती हैं... नहीं यह जानते हुए कि पीड़ित पशु तो बहुत पहले ही जा चुके हैं!

हैदराबाद पुलिस पशुओं को बचाकर और उन्हें ध्यान फाउंडेशन के समर्पित और पंजीकृत आश्रयों में भेजकर इस दुष्चक्र को तोड़ने की कोशिश कर रही है, लेकिन हाथ बंधे होने के कारण वह केवल इतना ही आगे बढ़ पाते हैं।

# भारी भरकम फीस के विरोध में छात्र नामपल्ली स्थित इंटरमीडिएट बोर्ड के गेट पर चढ़े




**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** कॉरपोरेट शिक्षण संस्थानों द्वारा ली जाने वाली अत्यधिक फीस को समाप्त करने की मांग को लेकर स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यहां इंटरमीडिएट बोर्ड के कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। चैतन्य, नारायण और रेजोनेंस जैसे संस्थानों द्वारा बड़े पैमाने पर फीस शोषण के बारे में बोलते हुए, एसएफआई के राज्य सचिव टी. नागराजू ने कहा कि ये कॉलेज एक ही परिसर में छात्रावास और कॉलेज संचालित करते हैं। हैदराबाद के माधापुर और अयप्पा सोसाइटी जैसे इलाकों में, कई अपार्टमेंट लीज पर लिए गए हैं और बिना अनुमति के प्रवेश बंद किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप फीस रैकेट चल रहा है। आवश्यक अनुमति के बिना कक्षाएं शुरू करने के बावजूद, अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है, खासकर हैदराबाद, रंगारेड्डी और मेडचल जिलों में, नागाराजू ने कहा। एसएफआई ने फीस शोषण को समाप्त करने, शुल्क विनियमन लागू करने और एक ही परिसर में संचालित कॉलेजों और छात्रावासों के प्रबंधन को संबोधित करने के लिए तत्काल सरकारी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सरकारी जूनियर कॉलेजों में रिक्त पड़े 1,684 व्याख्याता पदों को भरने, मुफ्त पाठ्यपुस्तकों और यूनिफॉर्म का वितरण करने तथा सरकार द्वारा किए गए वादे के अनुसार बुनियादी सुविधाओं के प्रावधान की भी मांग की।

एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा आयुक्त श्रुति ओझा को एक ज्ञापन सौंपा, जिन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि कॉरप-रेट कॉलेजों की गड़बड़ियों को दूर करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी तथा विस्तृत जानकारी मांगी।



शनिवार को सुबह 10.00 बजे वारंगल, हनुमाकोंडा जिला न्यायालय परिसर में वारंगल, हनुमाकोंडा जिलों और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, वारंगल के मुख्य न्यायाधीश द्वारा आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष बी.वी. निर्मला गीथमबम और सीएच रमेश बाबू शुरू करेंगे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत उद्घाटन कार्यक्रम में दोनों जिलों के न्यायाधीश, जिला न्यायिक सेवा संगठन, वारंगल, हनुमाकोंडा के सचिव वाई.साई कुमार, वारंगल के अध्यक्ष जे.उपेंद्र राव, हनुमाकोंडा अधिवक्ता संघ, लोक अभियोजक, वकील आदि भाग लेगें।

## आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में कई स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान



**अमरावती, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को कहा कि मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों (मुंबई सहित), तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश के शेष हिस्सों, दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों, पश्चिम मध्य के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में अगले तीन-चार दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया कि उत्तरी रायलसीमा और पड़ोस पर चक्रवाती परिसंचरण अब दक्षिण तेलंगाना और पड़ोस में औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर है। अपसारित क्षेत्र अब लगभग 16ओ उत्तर में समुद्र तल से 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊपर के बीच है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटों में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है।

अगले पांच दिनों में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। अगले सात दिनों में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश के एक या दो स्थानों पर, रायलसीमा के अधिकांश स्थानों पर बारिश हुई और यनम में मौसम शुष्क रहा।

## होम्योपैथी भवन में छत गिरने से नर्स और चिकित्सक घायल



**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** शुक्रवार को यहां रामंतपुर स्थित सरकारी जेएसपीएस सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में छत का एक बड़ा हिस्सा उखड़कर गिर जाने से दो लोग घायल हो गए, जिनमें एक नर्स और एक पीजी चिकित्सक शामिल हैं।

इन-पेशेंट रिकवरी रूम में से एक में छत का एक हिस्सा गिर गया, और कॉलेज के अधिकारियों के अनुसार, चोटें गंभीर नहीं थीं और इस घटना में दोनों स्वास्थ्य कर्मियों को जख्म आए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया और उन्हें इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मुख्य इमारत 50 साल से अधिक पुरानी है और रखरखाव के लिए नियमित मरम्मत और नवीनीकरण कार्यों की आवश्यकता है। होम्योपैथी अस्पताल की इमारत में मानसून के दौरान रिसाव भी होता है।

खराब मौसम की स्थिति के कारण, छत का एक छोटा हिस्सा गिर गया, जिससे पीजी छात्र घायल हो गया, जिसे मामूली जख्म आया है। हमने तुरंत अपने वरिष्ठों को सूचित कर दिया है। आयुष आयुक्त ने भी अस्पताल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। छत की मरम्मत जल्द से जल्द शुरू होने की उम्मीद है, जेएसपीएस सरकारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एन लिंग राजू ने कहा।

## जीएचएमसी ने बेहतर शहरी प्रबंधन के लिए विशिष्ट संपत्ति आईडी की शुरुआत की

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जीएचएमसी ने शहरी नियोजन, स्वच्छता सहित सेवाओं की डिलीवरी और संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने के प्रयास में प्रत्येक संपत्ति के लिए एक विशिष्ट पहचान संख्या आवंटित करने का प्रस्ताव दिया है। इस नंबर का उपयोग जल बोर्ड और बिजली बोर्ड सहित अन्य विभागों द्वारा निर्बाध और त्वरित सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के लिए भी किया जाएगा, जिसके लिए विभागों के सहयोग की आवश्यकता होती है।

इसके लिए, जीएचएमसी एक जीआईएस-आधारित सर्वेक्षण करेगा और संपत्तियों और उपयोगिताओं का मानचित्रण करेगा। सर्वेक्षण में शामिल कर्मचारी अगले महीने से घरों का दौरा करेंगे। जीएचएमसी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में संपत्ति मालिकों से सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। निगम ने कहा कि नागरिकों के लिए एक सार्वजनिक वेब पोर्टल सक्षम किया जाएगा जो स्वेच्छा से अपनी संपत्ति को जीआईएस मानचित्र पर जोड़ सकते हैं और जीएचएमसी को इनपुट प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।निवासी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी प्राथमिकताएँ भी व्यक्त कर सकते हैं और शहरी विकास और सार्वजनिक उपयोगिताओं से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग ले सकते हैं।

जीएचएमसी के एक अधिकारी ने कहा, नियो जियो एजेंसी 18 महीनों में परियोजना को क्रियान्वित करेगी। यह अतिरिक्त दो वर्षों के लिए संचालन का भी ध्यान रखेगी।

## पुलिस से बचने के लिए व्यक्ति ने इमारत से लगाई छलांग

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** गुरुवार रात लालागुडा के लालपेट में पुलिस से बचने के लिए कथित तौर पर एक बहुमंजिला इमारत की पहली मंजिल से कूदने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब विनय कुमार (36) और उसके दोस्त कथित तौर पर इमारत में ताश खेल रहे थे। उसी पड़ोस में रहने वाले टास्क फोर्स के एक अधिकारी को अवैध गतिविधि के बारे में जानकारी मिली और उसने अपनी टीम को परिसर में छापा मारने के लिए सतर्क किया। हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही अधिकारी इमारत में पहुंच गया। उसके प्रवेश द्वार पर खड़ा होकर उसकी रखवाली करने लगा और उन्हें भागने से रोका। विनय के एक दोस्त ने कमरे से बाहर आकर अधिकारी को प्रवेश द्वार पर देखा और अपने दोस्तों को सतर्क किया।

जिससे गिरफ्तारी के डर से उन्होंने भागने की कोशिश की । जिसमें विनय पहली मंजिल से कूद गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इस बीच, लालागुडा पुलिस ने कहा कि विनय के परिवार ने कहा है कि वह गलती से फिसलकर इमारत से गिर गया और उसकी मौत हो गई।एक मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है,विनय के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

## इंजीनियरिंग के इच्छुक छात्र शुल्क संशोधन के लिए तैयार रहें




**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** अगले साल स्नातक इंजीनियरिंग कार्यक्रम करने के इच्छुक छात्रों को शुल्क संशोधन के लिए तैयार रहना होगा।तेलंगाना प्रवेश और शुल्क विनियामक समिति ने ब्लॉक अवधि 2025-28 के लिए इंजीनियरिंग शुल्क संशोधन अभ्यास शुरू किया है और शुक्रवार को कई इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन के साथ एक तैयारी बैठक की। बैठक के दौरान, समिति ने सातवें वेतन आयोग, वेतन, कॉलेजों की शिक्षण और गैर-शिक्षण क्षमता के अलावा इंजीनियरिंग शिक्षा में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा किए गए परिवर्तनों पर चर्चा की।शुल्क संशोधन के लिए निजी कॉलेजों से आवेदन आमंत्रित करने वाली अधिसूचना एक महीने के भीतर आने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग कार्यक्रम प्रदान करने वाले निजी कॉलेजों के लिए शुल्क तीन साल में एक बार संशोधित किया जाता है और अंतिम ऐसा संशोधन 2022 में किया जाता है। चूंकि अंतिम संशोधन शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में समाप्त होता है, इसलिए समिति ने यह अभ्यास शुरू किया है।व्यावसायिक कॉलेजों की फीस उनकी आय और व्यय प्राप्तियों, ऑडिट की गई बैलेंस शीट, विकास संबंधी जरूरतों, वेतन और बुनियादी ढांचे पर किए गए खर्च और अन्य विवरणों के आधार पर संशोधित की जाती है।





अग्रवाल समाज द्वारा मृगशिरा कार्तिक के अवसर पर शनिवार से प्रारंभ होने वाले मछली प्रसादम के उपलक्ष्य में शुक्रवार से प्रदर्शनी मैदान में भोजन वितरण शुरू किया गया।



ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर इमलीवन गौशाला गौलीगुड़ा चमन में गायों को हरा चारा खिलाते हुए जामबाग डिवीजन के पार्षद राकेश जायसवाल, सिकंदराबाद एवं बोवनपल्ली मार्केट व्यापार संघ के अध्यक्ष ए. गौतम जैन, पी. राजेंद्र यादव, मणिलाल शाह, गजानंद चौधरी, राघव नंद गोप, एम, नर्सिंग राव, प्रेमचंद मुनोथा, सुरेश यादव और रामचंद्र आदि।

## मंदिर में ठुमके लगाने वाली महिला ने मांगी माफी, कैमरे पर प्रतिबंध

**नैनीताल, 07 जून (एजेंसियां)।** उत्तराखंड में केदारनाथ धाम की तरह कुमाऊं के प्रसिद्ध नयना देवी मंदिर की पवित्रता दूषित करने के मामले में मंदिर प्रशासन की सख्ती के बाद शुक्रवार को नया मोड़ आ गया। आरोपी महिला स्वयं सामने आयी और उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी है। महिला ने कहा कि उससे जाने अनजाने में भूल हो गयी। उसने यह वीडियो इसी साल अप्रैल में बनाया और कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर अपलोड किया। उससे इसका अहसास नहीं था। उसने आगे कहा कि उसने सोशल मीडिया से वीडियो को हटा लिया है। उसने मीडिया से भी बात करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को जो ठेस पहुंची है। उसके लिये माफी मांगती हूं।

ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह के अनुसार महिला आज मंदिर पहुंची और उसने ट्रस्ट के सदस्यों से लिखित में माफी मांगी।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले नैनीताल के प्रसिद्ध नयना देवी मंदिर परिसर में हल्द्वानी की एक महिला का फूहड़ गाने पर ठुमके लगाने का वीडियो सामने आया था। वीडियो में महिला नयना देवी मंदिर के ठीक सामने एक गाने पर ठुमकती नजर आयी।

गुरुवार को वट सावित्री व्रत के मौके पर नयना देवी मंदिर में भीड़ जुटी थी। इस दौरान लोगों ने वीडियों पर रोष व्यक्त किया। मंदिर ट्रस्ट ने भी सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। श्री साह ने आगे कहा कि कैंची धाम एवं हनुमान गढ़ी की तरह अब नयना देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं के वीडियो, रील और फोटोग्राफी पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## ओड़ीशा में नवनिर्वाचित 85 प्रत्याशियों के खिलाफ हैं आपराधिक मामले दर्ज

**भुवनेश्वर, 07 जून (एजेंसियां)।** ओड़ीशा विधान सभा चुनाव 2024 में नवनिर्वाचित 147 सदस्यों में से 85 की आपराधिक पृष्ठभूमि से है। ओडिशा इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। मीडिया में शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि चुने गये 58 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में 146 में से 67 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे जो कुल उम्मीदवारों का 46 प्रतिशत था।रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2024 में राजनीतिक में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के प्रवेश की परिपाटी और मजबूत हुई है और चुने गये आपराधिक मामलों वाले 85 उम्मीदवारों में से 67 उम्मीदवारों यानी 46 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं। एक विश्लेषण के अनुसार पिछले चार चुनावों में आपराधिक मामलों वाले विधायकों के विश्लेषण से पता चला है कि 2009 में यह संख्या 33 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 35 प्रतिशत हो गई है, जो 2019 के विधानसभा चुनाव में बढ़कर 46 प्रतिशत और 2024 के विधानसभा चुनाव में 58 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह गंभीर आपराधिक मामलों वाले विधायकों की संख्या भी 2009 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2014 में 28 प्रतिशत हो गई है, जो 2019 में बढ़कर 34 प्रतिशत और 2024 के चुनाव में 47 प्रतिशत हो गई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि पार्टी के आधार पर 2024 के चुनाव में भाजपा से चुने गए 78 विधायकों में से 46 यानी 59 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। जबकि 51 बीजद विधायकों में से 15 विधायकों यानी 29 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। इसके अलावा कांग्रेस के 14 चुने गए विधायकों में से 11 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वर्ष 2024 का चुनाव जीतने वाले एकमात्र मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) उम्मीदवार और तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ भी आपराधिक मामले लंबित है।

# औरंगाबाद में हत्या के मामले में 16 लोगों को उम्रकैद

**औरंगाबाद, 07 जून (एजेंसियां)।** बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी के खिलाफ 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।



मामले के अनुसार, जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के समदा इब्राहिमपुर में 13 अगस्त 2020 को उक्त गांव निवासी जगदीश राम की निर्मम हत्या ओझा गुनी के आरोप में कर दी गई थी। इस मामले में एपीपी राजाराम चौधरी ने बताया कि कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोनू राम की पत्नी पुष्पा देवी ने 13 अगस्त 2020 को कुटुंबा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करवाया कर गांव के 16 लोगों पर आरोप लगाया था कि उन लोगों ने उनके ससुर जगदीश राम की हत्या टांगी और गड़ासे से हत्या कर दी है। गांव के ही भुवनेश्वर राम के पुत्र जगल राम की 9 अगस्त 2020 को किसी बीमारी से मौत हो गई थी। सभी अभियुक्तों ने उनके ससुर पर ओझा गुनी का आरोप लगाकर 13 अगस्त की दोपहर उस वक्त हत्या कर दी थी जब वे अपने एक रिश्तेदार के घर से लौट कर आए थे।

# मीरवाइज फिर से हुए नजरबंद

**श्रीनगर, 07 जून (एजेंसियां)।** हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के प्रमुख मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को जुमे की सामूहिक नमाज से पहले घर में नजरबंद कर दिया गया। यह जानकारी जामिया मस्जिद के प्रबंध निकाय ने दी।

अंजुमन औकाफ जामिया मस्जिद श्रीनगर ने मीरवाइज को एक बार फिर से नजरबंद करने और उन्हें अपने धार्मिक एवं आधिकारिक कर्तव्यों को पूरा करने से रोकने के लिए प्रशासन की कड़ी निंदा की। अंजुमन ने एक बयान जारी कर कहा कि प्रशासन ने मीरवाइज को आज सुबह सूचित किया गया कि वह नजरबंद हैं और उन्हें आज जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बयान में कहा गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि मीरवाइज की नजरबंदी बुधवार को जीएमसी श्रीनगर में हुई ईशनिंदा की घटना का परिणाम है। इस बीच, अंजुमन औकाफ के उपाध्यक्ष एवं जामा मस्जिद के इमाम सैयद अहमद सईद नक्शबंदी ने श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के एक गैर-स्थानीय छात्र द्वारा कथित ईशनिंदा पोस्ट के खिलाफ गंभीर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ ईशनिंदा की किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर जामा मस्जिद में लोगों ने जीएमसी घटना के विरोध में आवाज उठाई।

# सारण में बैंक लूटकांड में शामिल चार अपराधी गिरफ्तार

**छपरा, 07 जून (एजेंसियां)।** बिहार में सारण जिला पुलिस ने अमनौर थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व बैंक लूट की घटना उद्भेदन कर 4 लुटेरों को लूटी गई रकम एवं हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।



सारण के पुलिस उपाधीक्षक राजकिशोर सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस घटना के बाद सारण पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर मढ़ौरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरेन पासवान के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। जिसके द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही थी। इसी दौरान एसआईटी टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में कुछ अपराधी अपराध की नीयत से खड़े है। श्री सिंह ने बताया कि इस सूचना के आधार पर पहुंची एसआईटी की टीम ने वहां मौजूद चार अपराधियों को दो देशी कट्टा, कुछ कारतूस, लूट के दौरान प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अमनौर थाना क्षेत्र के अपहर गांव स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से लूटी गई रकम में से 2,40,005 रुपए बरामद किया। घटना को आठ अपराधियों ने अंजाम दिया था। जिसमें से मुख्य अभियुक्त प्रीतम कुमार सहित जानू कुमार साह, मनीष कुमार राय और पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अन्य अपराधियों का नाम बताया गया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। अधिकारी ने बताया कि अबतक गिरफ्तार अपराधियों में से मुख्य अपराधी प्रीतम कुमार पर सारण जिले के विभिन्न थानों में 18 मामले पूर्व से दर्ज है। जबकि दो अन्य अपराधियों पर क्रमशः चार तथा दो मामले दर्ज हैं। शेष अन्य एक अपराधी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# पेसीएम अभियान मामले में राहुल की जमानत याचिका मंजूर

**बेंगलुरु, 07 जून (एजेंसियां)।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई की ओर से पेसीएम अभियान को लेकर दायर मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जमानत याचिका को शुक्रवार को मंजूरी दे दी।



यह मामला पिछले साल कर्नाटक विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए विवादास्पद पेसीएम अभियान से उपजा है, जिसमें तत्कालीन भाजपा सरकार पर अपने 2019-2023 के कार्यकाल के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया था। न्यायाधीश केएन शिवकुमार ने कांग्रेस नेता को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने के निर्देश दिये थे। राहुल गांधी कड़ी सुरक्षा और मीडियाकर्मियों की भीड़ के बीच विशेष अदालत पहुंचे। पेसीएम अभियान कर्नाटक में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कांग्रेस पार्टी की रणनीति का केंद्र बिंदु रहा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े क्यूआर कोड के साथ दिखाया गया। इस अभियान ने देश का ध्यान आकर्षित किया और यह कांग्रेस पार्टी का प्रमुख चुनावी हथियार बना।

मुख्यधारा के समाचार पत्रों में विज्ञापनों वाले पेसीएम अभियान में आरोप लगाया गया था कि भाजपा सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल है। इसे लेकर काफी विवाद पैदा हो गया तथा इसके विरोध में मानहानि का मुकदमा दायर किया गया। इस मामले में कई बड़े नेताओं की पेशी हो चुकी हैं। गत एक जून को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार अदालत के समक्ष पेश हुए थे। इन दोनों नेताओं को भी इसी मानहिन मामले में जमानत मंजूर की गयी थी।

# डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश

**लखनऊ, 07 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये जरुरी कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति, अनुरक्षण संबंधी समस्याओं, शटडाउन, विद्युत व्यवधान होने पर शीघ्र निराकरण, ओवरलोडिंग संबंधी समस्याओं तथा लो वोल्टेज की समस्याओं पर अधिकारियों से चर्चा कर विद्युत व्यवस्था में सुधार के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्युत कार्मिक अधिकारी हो या कर्मचारी उपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार और कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि शटडाउन की अवधि दो घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है, गर्मी में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए कहीं पर भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए, जहां पर भी विद्युत आपूर्ति संबंधी व्यवधान उत्पन्न हो, उसका शीघ्र निराकरण करें। ट्रांसफार्मर के जलने, विद्युत तार टूटने, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग आदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। सभी डिस्काउंट में पर्याप्त ट्राली ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भीषण गर्मी में शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जा सके।

उन्होंने कहा कि अतिभारित फीडरों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, साथ ही राजस्व वसूली के लिए भी प्रयास किए जाएं। कहा कि छोटे बकायदारों के कनेक्शन काटने के बजाय बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करें। विद्युत की पीक डिमांड किस समय है, इस बात का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि कहीं उनके क्षेत्र में अनधिकृत तरीके से तो विद्युत उपयोग नहीं हो रही है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्रों में भी विद्युत अपूर्ति के साथ ही राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्युत का सबसे अधिक उपयोग इन्हीं क्षेत्रो में होता है, इसलिए इन क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी प्रकार की विधुत चोरी न होने पाए। साथ ही विद्युत बकाया भी अधिक न होने पाए। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, डीजी विजलेंस एम.के. बशाल, प्रबन्ध निदेशक उत्पादन निगम रणबीर प्रसाद, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल पंकज कुमार उपस्थित रहे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता समेत अन्य अधिकारी वर्चुअल मौजूद रहे।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी को सात साल की सजा

**कानपुर, 07 जून (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की एक विशेष अदालत ने जाजमऊ क्षेत्र में आगजनी के एक मामले में दोषी समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच को सात साल की सजा सुनायी है। एमपीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 350 पन्ने के फैसले में सपा विधायक व उसके भाई पर 30 हजार 500 रुपये जुर्माना व अन्य तीन दोषियों पर 29 हजार 500 रुपये जुर्माना लगाया। महाराजगंज की जेल में बंद इरफान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े। फैसले के तुरंत बाद सपा विधायक ने अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल करने की बात कही।



गौरतलब है कि जाजमऊ के डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में आठ नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था, लेकिन 10 तारीखों में फैसला नहीं हो सका था। बीते तीन जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने मामले में फैसला सुनाते हुए सपा विधायक समेत पांचों आरोपियों को आईपीसी की धारा 147, 323,436, 427 व 506 में दोषी करार दिया था।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुआ भीषण हादसा

## डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, दो लोगों की मौत

**बूंदी,07 जून (एजेंसियां)।** बूंदी में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर लाखेरी के समीप हुए हादसे में कार से मेरठ जा रहे दो युवकों की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। लाखेरी थानाधिकारी ने बताया कि दोनों युवक धीरेंद्र और बिट्टू जादौन किसी काम से कोटा से मेरठ जा रहे थे। जहां लाखेरी के बालापुरा के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। दोनों के शवों को लाखेरी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दे दी गई है।

लाखेरी थाने के प्रभारी सुभाष शर्मा ने बताया कि कोटा निवासी कार सवार 46 वर्षीय धीरेंद्र कुमार सक्सेना और 28 वर्षीय नरेंद्र कुमार जादौन कोटा के मेरठ के लिए निकले थे। सड़क पर रोक के बावजूद निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार से जा रही कार कुछ किलोमीटर दूर चलने के बाद ही बालापुरा के पास हादसे के शिकार हो गई। एनएचएआई द्वारा हाइवे पर वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे, जिससे टकराने के बाद कार में सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय वाहनों की आवाजाही नहीं थी, इसके चलते दुर्घटना के संबंध में जानकारी देरी से मिल पाई। एक्सप्रेस वे निर्माण में लगी कंपनी के पेट्रोलिंग वाहन ने पुलिस को हादसे की सूचना दी और लाखेरी पुलिस मौके पर पहुंची।

# लखनपुर ब्लाइंड मर्डर, एक लाख सुपारी देकर कार्रवाई थी हत्या, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**भरतपुर,07 जून (एजेंसियां)।** लखनपुर थाना क्षेत्र में चार जून को हुए ब्लाइंड मर्डर मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल एसपी राम कल्याण मीना ने बताया कि पैसे के लेनदेन में हत्या कराई गई थी। इसके लिए आरोपियों को एक लाख की सुपारी दी गई थी। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड में एक आरोपी अभी भी फरार है।



तीन जून को लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव न्यादपुर गांव निवासी पुष्पेंद्र ने अपने भाई सुरेंद्र घर से निकल गया है, लेकिन घर वापस नहीं आया। उसका मोबाइल फोन भी स्विचऑफ आ रहा है। उसके बाद पारिवारिक जनों ने रिश्तेदारों के साथ ढूंढते हुए डहरा मोड चौकी पहुंचे। वहां पुलिसकर्मियों ने उन्हें फोटो दिखाए तो उसने भाई को पहचान लिया। उसके सिर पर चोट के निशान थे। उसके आधार पर हत्या का मामला लखनपुर थाना में दर्ज कराया।

राम कल्याण मीणा ने बताया कि 4 जून को सुरेंद्र का शव हंतरा के पास जंगल में मिला था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन की और अनुसंधान में एक प्वाइंट सामने आया कि मृतक सुरेंद्र और गांव के राधेलाल के बीच पैसे के लेन देन को लेकर विवाद था।

जब पुलिस के द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि पैसे के लेन देन को लेकर इसकी हत्या की गई है। उसने बताया कि सुरेंद्र को बार-बार पैसे देने की बात कही लेकिन उसने पैसे नहीं दिए इसके चलते उसने सुरेंद्र की हत्या की सुपारी लक्ष्मण और मनोज निवासी नगला मई को एक लाख रुपये की दी।

तीन जून को सुरेंद्र को मोटर साइकिल पर घर से बिठाकर डहरा मोड लेकर आया। वहां उसे शराब पिलाई और हंतरा के जंगल में ले जाकर लक्ष्मण और मनोज को बुलाकर सुरेंद्र के शिर में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने राधेलाल और लक्ष्मण सिंह के साथ पुष्पेंद्र सिंह को कारतूस उपलब्ध कराने को लेकर गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से हत्या में उपयोग किया गया अवैध हथियार भी बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है और उन्हें पीसी रिमांड पर लिया है।

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,700/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 91,185/- (प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 76,693.36
+1618.85 +2.16% ↑

एनएसई :23,290.15
468.75 (2.05%) ↑

# नए कोर्स और फीस वृद्धि पर विद्यार्थियों ने जताया रोष

## प्रवेश की अंतिम तिथि 12 तक बढ़ाई

**रोहतक,07 जून (एजेंसियां)।** रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सामने विभिन्न छात्र संगठनों ने विवि प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। यहां विद्यार्थियों ने नए कोर्स व नई बढ़ी फीस को लेकर नाराजगी जताई। इसमें स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, शहीद भगत सिंह छात्र संगठन, एनएसओ, दिशा छात्र संगठन, छात्र एकता मंच शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नए कोर्स व नई फीस के विरोध आंदोलन तेज हो रहा है। इसके खिलाफ छात्र संगठनों ने इकट्ठा होकर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के बाहर विद्यार्थियों की सभा का आयोजन किया। इसे प्रशासन के दबाव के चलते विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने रोकने का प्रयास किया। यहां तक कि मुख्य सुरक्षा कर्मी ने विरोध कर रहे छात्रों को धमकी भरे शब्दों में देख लेने की बात भी कही। प्रदीप मोटा ने कहा कि प्रशासन लगातार फीस में वृद्धि करता आ रहा है। इससे लगातार विश्वविद्यालय निजीकरण की ओर बढ़ रहा है।

फीस महंगी होने के कारण गरीब तबके से आने वाले बच्चे शिक्षा से दूर हो जाएंगे। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला सचिव अमित पूनिया ने कहा कि प्रशासन ने फीस में पांच गुना वृद्धि की है। इसके बावजूद प्रशासन बयान जारी करता है कि हमने किसी भी प्रकार की कोई फीस वृद्धि नहीं की। नए सत्र में नया कोर्स और नई फीस लागू की है। नए कोर्स की 40 हजार रुपये वार्षिक फीस करना समझ से परे है, जबकि पहले यह फीस महज आठ हजार रुपये थी।

कोर्स भी पंचवर्षीय से चार वर्षीय कर दिया गया है। एनएसओ से सुधीर ने कहा कि प्रशासन दिन प्रतिदिन विश्वविद्यालय में तानाशाही और मनमानी चला रहा है। इसके चलते तरह-तरह के तुगलकी फरमान विद्यार्थियों के बीच में लागू किए जा रहे हैं। दिशा छात्र संगठन से प्रदीप व छात्र एकता मंच से अभिषेक और अंकित ने भी नए कोर्स व नई फीस वापस लेने की मांग की।

# अस्पताल में नर्सिंग कर्मी और एएनएम देख रहे मरीज

## स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई, संचालक पर केस

**झुंझुनू,07 जून (एजेंसियां)।** ऑपरेशन ब्लैक थंडर अभियान के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग और औषधि नियंत्रण की टीम ने झुंझुनू शहर में जम-जम अस्पताल पर कार्रवाई की। झुंझुनू शहर के दीनदयाल नगर में जमजम नाम से एक अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग और औषधि नियंत्रण की टीम निरीक्षण करने गई। जांच की गई तो सामने आया कि अस्पताल बिना एलोपैथिक डॉक्टर के चलाया जा रहा है।

मौके पर एक बीएससी नर्सिंग कर्मी और एएनएम मिला, जो अस्पताल को चला रहे थे। टीम ने उपकरण और कागजात जब्त किए। औषधि नियंत्रण की ओर से मेडिकल की दवाइयां को सीज किया है। अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस टीम भी मौके पर रही।

# धार्मिक यात्रा से लौट रहे यात्रियों की बस पलटी, 17 घायल

**दौसा,07 जून (एजेंसियां)।** दौसा जिले में एक बार सड़क हादसा हो गया। यह हादसा मेहंदीपुर बालाजी मोड़ के नजदीक हुआ है। बताया जा रहा है कि देर रात करीब दो बजे बस चालक को नींद की झपकी आने की वजह से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में कुल 18 यात्री सवार थे। मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके के नेशनल हाईवे 21 पर अतरहेड़ा गांव के समीप एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर बस पलटने से बस में सवार 17 यात्री जख्मी हो गए। हादसा देर रात करीब 2 बजे हुआ। सूचना पर मेहंदीपुर बालाजी पुलिस ने घायलों को नजदीकी सीएससी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से तीन गंभीर घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रैफर किया गया।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. JC442526F Nb Sub KOMMU MALLAIAH, R/o.H.No.12-1/47, Hanuman Nagar, Nagaram Village, Keesara Mandal, Medchal Malkajgiri Dist that my Daughter name is to be changed from **SPURTHI** to **KOMMU SPURTHI** vide affidavit dt:4-6-2024 before Yata Bhaskar, Advocate and Notary, Nagaram, Keesara Mandal, M.M.Dist.

**CHANGE NAME & DOB**
I, Army No.15444197F Nk Rajender Bishnoi of Military Hospital, Secunderabad that my father **SAHI RAM** Date of Birth is to be changed from **14-5-1965** to **01-01-1962** and mother name and DOB is to be changed from **SHANTI DEVI**, DOB:**02-07-1964** to **SHANTI**, DOB:**01-01-1964**.

**CHANGE OF NAME**
I, SMT.SAVITRI Spouse of Service No. 239573N Ex Sgt KATIKINENI JANARDHANA RAO, R/o. 1-2-47/100/105/1, Subhodaya Colony, Hydernagar, Hyderabad-500072 have changed my name from **SMT.SAVITRI** to **KATIKINENI SAVITHRI** vide affidavit dt:7-6-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, K ARUNA KUMARI Spouse of Service No.JC 442526F Nb Sub KOMMU MALLAIAH, R/o.H.no.12-1/47, Hanuman Nagar, Nagaram Village, Keesara Mandal, Medchal Malkajgiri Dist have changed my name from **K ARUNA KUMARI** to **KOMMU ARUNA KUMARI** vide affidavit dt:4-6-2024 before Yata Bhaskar, Advocate and Notary, Nagaram, Keesara Mandal, M.M.Dist.

**CHANGE OF NAME**
I, PINKEE DEVI is legally Wedded Wife of Service number: 14650316W, Rank: HAV, Name:PREM KUMAR, unit: 3TRG BN, 1EME CENTER, Secunderabad residing at vill- MAHADAHA BAG, post-SALEMPUR, Teh-SALEMPUR, Dist-DEORIA, State - UTTAR PRADESH, Pin:274509, I have changed my name from **PINKEE DEVI** to **PINKI YADAV** Advocate and Notary G.SAMUEL,BSc LLB

ऑल इन वन
शनिवार,08 जून, 2024
हैदराबाद
शुभ लाभ DAILY

# तेलंगाना लोक सेवा आयोग की पहली चरण की परीक्षा नौ जून को : रेड्डी

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) के अध्यक्ष महेंद्र रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि नौ जून को होने वाली पहले चरण की प्रारंभिक परीक्षाओं में 4.03 लाख विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है।आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्य सचिव (सीएस) शांति कुमारी ने बीज एवं उर्वरकों की आपूर्ति, मिशन भागीरथ के तहत ग्रामीण घरेलू सर्वेक्षण और जिलों में स्कूल वर्दी की सिलाई की भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान श्री रेड्डी ने पुष्टि की कि पहले चरण की प्रारंभिक परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जो 31 जिलों के 897 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएंगी।उन्होंने कहा कि प्रभावी निगरानी और निर्बाध परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए 20 केंद्रों के समूहों के लिए क्षेत्रीय समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा, समन्वय के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग दोनों के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बायोमेट्रिक पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए सावधानियां बरती गई हैं, और किसी भी संभावित समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त बायोमेट्रिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं और मुख्य अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों और अन्य कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कलेक्टरों से जिले में पुलिस और अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठकें बुलाने का आग्रह किया ताकि स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि परीक्षाएं सुचारू, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की जाएं।

# दक्षिण मध्य रेलवे पर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्यालय में शुक्रवार को अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में अपर महाप्रबंधक आर.धनंजयुलु, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर जी.के. द्विवेदी, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, विजयवाड़ा और गुंतकल मंडल के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबंधित अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य मंडलों व कारखानों के प्रतिनिधियों ने ऑन लाइन माध्यम से सहभागिता की।



दमरे महाप्रबंधक ने सबसे पहले रेल मंत्री राजभाषा शील्ड का प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने पर इस रेलवे के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने अखिल रेल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले विजयवाडा मंडल के नाटक की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करने से जिम्मेदारी और बढ जाती है। प्रथम स्थान को बनाए रखने के लिए निरंतर मेहनत करते रहें।

राजभाषा मदों का अनुपालन करना हम सबकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। उन्होंने रेल संरक्षा से जुडे सभी प्रलेखों को अनिवार्य रूप से द्विभाषिक रूप में जारी करने के लिए कहा।

इससे पहले बैठक के आरंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर ने समिति के अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली में किए गए संशोधनों पर विशेष ध्यान देते हुए इसे भरकर निरीक्षण की तैयारी की जाए। स्टेशन संचालन नियमों का अनुवाद प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

इस रेलवे पर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए नियमित रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

डॉ.श्याम सुंदर साहू, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने पिछली तिमाही की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट की मदों पर विस्तार से चर्चा की। एम.के.नागराजु, राजभाषा अधिकारी, प्रधान कार्यालय ने पिछली तिमाही के दौरान किए गए विशेष कार्यों की जानकारी दी। मंडलों और कारखानों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और अगली तिमाही की कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

# अग्रवाल समाज के तत्वावधान में बत्तिनी वीरन्ना गौड़ परिवार का मत्स्य प्रसादम वितरण आज से

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना के तत्वावधान में विश्व प्रसिद्ध बत्तिनी वीरन्ना गौड़ परिवार द्वारा मृगशिरा कार्तिक के अवसर पर मत्स्य प्रसादम का वितरण आज शनिवार सुबह 11 बजे से प्रारम्भ होगा जो अगले दिन रविवार सुबह 11 बजे तक जारी रहेगा। नामपल्ली रोड स्थित नुमाईश मैदान में होने वाले इस दो दिवसीय शिविर का उद्धाघटन मुख्य अतिथि एवं तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार करेंगे एवं विशेष अतिथि विजय कुमार आईपीएस एडीजी ऑपरेशंस तेलंगाना पुलिस कार्यक्रम दीप प्रज्वलन करेंगे।

आगंतुक अतिथियों के भोजन की व्यवस्था शुक्रवार सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो गई जो रविवार 9 जून तक नुमाईश मैदान में अग्रवाल समाज तेलंगाना के शिविर में रहेगी। शिविर प्रबंधन एवं भोजन वितरण आदि की सभी व्यवस्थाएं अग्रवाल समाज तेलंगाना की सभी शाखाओं द्वारा की जा रही है। भोजन की व्यवस्था संघी कैटरर्स द्वारा की जा रही है। आगंतुकों के आवास की व्यवस्था भी कोसलवाड़ी बेगम बाजार हैदराबाद स्थित राजस्थानी सैनिक माली संघ में आज शुक्रवार सुबह छह बजे से प्रारंभ हो गई है। यह व्यवस्था रविवार तक जारी रहेगी। अग्रवाल समाज शालीबंडा शाखा आवास व्यवस्था में सहयोग दे रहा है। किसी भी परेशानी पर उमेश अग्रवाल से मोबाइल नंबर 8099951995 एवं पंकज गोयनका से मोबाइल नंबर 9291758346 पर संपर्क किया जा सकता है। अग्रवाल समाज ने आगंतुकों की सुविधा के लिए सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 एवं प्लेटफॉर्म नंबर 10 पर, नामपल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर और काचीगुडा रेलवे स्टेशन पर सूचना एवं सहायता केंद्र सहायता केंद्र भी स्थापित किये हैं। इन सूचना एवं सहायता केंद्रों पर अग्रवाल समाज के स्वयं सेवक आंचल अग्रवाल, विपिन सिंघानिया, अजय तुलस्यान, शेष गोयल, पंकज मित्तल, उमेश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, लोकेश संघी, पवन डोकानिया, पंकज गोयनका एवं धीरज गुप्ता आदि मौजूद रहेंगे।

अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूरचंद गुप्ता, सह मंत्री कंचन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष एवं प्रधान संयोजक नवीन कुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, परामर्शदाता एवं पूर्व अध्यक्ष बद्रीविशाल बंसल, परामर्शदाता डॉ. मोहन गुप्ता, परामर्शदाता अनिल कुमार अग्रवाल, परामर्शदाता अनिरुद्ध गुप्ता, परामर्शदाता महेश नरेठा, सह संयोजक राकेश कुमार जालान, सह संयोजक सतीश कुमार अग्रवाल, सह संयोजक आशीष दोचानिया, सह संयोजक अंकित गुप्ता एवं सह संयोजक संजय गुप्ता ने अग्रवाल समाज तेलंगाना के सभी केंद्रीय समिति सदस्यों, शाखा पदाधिकारियों एवं अन्य सभी अग्रबंधुओं से अनुरोध किया है कि समय पर पधारकर सहयोग प्रदान करें।

# तेलंगाना में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश के आसार

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, तेलंगाना के खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, रंगारेड्डी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, महबूबनगर, नगरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट, जोगुलम्बा गडवाल जिलों में बारिश का अनुमान है।

मौसम विभाग की ओर से जारी दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, 10 जून को राज्य के निर्मल, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक और कामारेड्डी जिलों में भी यही स्थिति रहने का अनुमान है। राज्य के विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, कामारेड्डी, महबूबनगर और नारायणपेट जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 11 जून को भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर अगले तीन दिन के दौरान गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। राज्य में में कुछ स्थानों पर अगले सात दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें के आसार हैं। राज्य के जनगांव जिले में अलग-अलग स्थानों पिछले 24 घंटों के दौरान पर भारी वर्षा हुई।

# बीआरएस ने तेलंगाना सरकार से मिलावटी शराब नहीं लाने का किया आग्रह

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने तेलंगाना सरकार से शुक्रवार को राज्य में मिलावटी शराब नहीं लाने का अनुरोध किया। बीआरएस नेता मन्ने कृष्णांक ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को एक खुले पत्र में कहा कि मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने हाल ही में कहा था कि तेलंगाना में नई शराब कंपनियों को संचालित करने की अनुमति देने का कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है। मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर कोई भी ऐसी खबर देता है, तो उसके खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर किया जाएगा। हालांकि, बीआरएस ने मंत्री के झूठ का पर्दाफाश करते हुए खुलासा किया कि सरकार ने वास्तव में सोम डिस्टिलरीज नामक कंपनी को अनुमति प्रदान की थी।श्री कृष्णांक ने अपने पत्र में कहा कि हाल ही में मीडिया ब्रीफिंग के बाद मंत्री ने भी सच्चाई को स्वीकार की और अनुमतियों को स्वीकार किया, लेकिन गैर-जिम्मेदाराना तरीके से दावा किया कि यह पूरी तरह से बेवरेजेज कॉरपोरेशन का निर्णय था और उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी। सोम डिस्टिलरीज मिलावटी शराब बनाने, सरकारी संस्थानों से लिए गए ऋणों को नहीं चुकाने और राज्य के खजाने को अच्छा खासा नुकसान पहुंचाने के लिए कुख्यात है।



पत्र में बीआरएस नेता ने कहा कि हमने अन्य राज्य सरकारों द्वारा इस कंपनी की बनायी नकली बीयर को नष्ट करने की तस्वीरें संलग्न की हैं। उन्होंने दावा किया कि केसीआर के शासन काल के दौरान, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए यह सुनिश्चित किया गया था कि कोई मिलावटी शराब उपलब्ध न हो।

उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी ने नम्रतापूर्वक अनुरोध किया है कि कांग्रेस सरकार कमीशन के लिए नकली बीयर बनाने वाली कंपनियों को अनुमति देने से परहेज करे और राज्य में हानिकारक मिलावटी शराब पेश करके सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरे में न डाले।

# निरंजन ने मोदी पर शेयर बाजार में हुए सबसे बड़े घोटाले में शामिल होने का लगाया आरोप

**हैदराबाद, 07 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत से पहले शेयर बाजार में हुए सबसे बड़े घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है।



श्री निरंजन ने आज यहां गांधी भवन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि शेयर बाजार में उथल-पुथल से निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि 13 मई को अमित शाह और 15 मई को श्री मोदी ने एक राष्ट्रीय चैनल के साथ साक्षात्कार में निवेशकों से चार जून तक शेयर खरीदने का आग्रह किया था कि अन्यथा शेयर की कीमतें निवेशकों की पहुंच से बाहर हो जाएंगी। एक जून को जब एग्जिट पोल के नतीजों में दर्शाया गया था कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें हासिल करेगा, तो शेयर बाजार में एक ही दिन में 13 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया और जब चार जून को वास्तविक चुनाव परिणाम घोषित हुए तो शेयर बाजार धराशायी हुआ और निवेशकों को 31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।श्री निरंजन ने कहा, इसके लिए पूरी तरह से श्री मोदी और श्री शाह जिम्मेदार हैं। उन्होंने सवाल किया, क्या श्री मोदी और श्री शाह शेयर खरीदने के लिए बुलाने वाले शेयर ब्रोकर हैं। इससे पहले, किसी भी राजनेता ने शेयर बाजार को इतना प्रभावित नहीं किया जितना श्री मोदी और श्री शाह ने किया। यह सब एग्जिट पोल के आयोजकों की मिलीभगत से किया गया था।

उन्होंने कहा कि सेबी को इस सौदे से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों या फर्मों की पहचान करने के लिए जांच करनी चाहिए। पूर्व वित्त सचिव और वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी ईएएस शर्मा ने भी एक पत्र लिखकर बाजार की उथल-पुथल की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराने का अनुरोध किया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.